प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/342 दिनांकः 11 सितम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

सन्दर्भः विश्वविद्यायल द्वारा निर्गत ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले ऐसे कतिपय छात्र/छात्रायें जिनका पूर्व सत्र का परीक्षा परिणाम अपूर्ण अथवा तद्दिनांक घोषित नहीं हो सका था को परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार ऐसे सम्भावित छात्रों की परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु **परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि परिवर्तित कर नई तिथियों में भराये जाने** के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यायल द्वारा निर्गत ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/340 दिनांक 08 सितम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र क्रम में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 से आच्छादित छात्र/छात्राओं की तदर्थ संलग्न सूची (संस्थान ई0आर0पी0 लॉगिन मे उपलब्ध) में की परीक्षायें **दिनांक 22 सितम्बर, 2023** से आयोजित कराया जाना सम्भावित है के लिए अर्ह एवं इच्छुक छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क संस्थावार संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा सीधे विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 12 सितम्बर, 2023 से दिनांक 15 सितम्बर, 2023 तक भरवाये जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के सन्दर्भ में अपरिहार्य कारणों से विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 से आच्छादित तदर्थ संलग्न सूची (संस्थान ई0आर0पी0 लॉगिन मे उपलब्ध) के छात्र/छात्राओं परीक्षा **दिनांक 28 सितम्बर, 2023** से आयोजित कराया जाना सम्भावित है तथा उक्त पत्र से आच्छादित छात्रों के परीक्षा फार्म निम्न तालिका के अनुसार स्वयः संस्थान के प्रतिनिधि सीधे विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर भरवाना सुनिश्चित करेगें, तदोपरान्त सम्बन्धित छात्र का निर्धारित परीक्षा शुल्क छात्र स्वयः अपने ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से **दिनांक 24 सितम्बर, 2023 तक** जमा कराया जायेगा, जिसके उपरान्त ही पात्र छात्र/छात्राओं का प्रवेश निर्गत किया जायेगा, परीक्षा शुल्क जमा न होने पर छात्र का प्रवेश पत्र निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।

क्र0सं0	संस्थान कोड़	परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि	क्र0सं0	संस्थान कोड़	परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि
1	001 से 258 तक	18 सितम्बर, 2023	2	259 से 872 तक	19 सितम्बर, 2023
3	874 से 1004 तक	20 सितम्बर, 2023	4	1012 से अन्त तक	21 सितम्बर, 2023

संस्थान प्रशासन से अपेक्षा है कि उक्त परीक्षा हेतु छात्रों की अर्हता को अपने स्तर से सुनिश्चित करने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म भरवाएं। अनर्ह छात्र का परीक्षा फार्म भरे जाने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा छात्र का परीक्षा परिणाम जारी किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसके लिए संस्थान/छात्र स्वयः जिम्मेदार होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक के छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए सम्बन्धित छात्रों का समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

11/9/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

संलग्नकः **सम्बन्धित छात्रों की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध ।**

प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

/

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक